स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही में **2 अक्तूबर, 2024 को** स्वच्छ भारत मिशन (SBM) **की 10वीं वर्षगाँठ** मनाई गई।

- **परिचय:**
  - इसे **2 अक्तूबर, 2014 को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय** द्वारा लॉन्च किया गया था।
  - **इसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिये SBM-ग्रामीण** तथा शहरी क्षेत्रों के लिये **SBM-शहरी** में भी विभाजित किया गया।
- **उद्देश्य:**
  - किसी क्षेत्र को खुले में **शौच से मुक्त घोषित किया जा सकता है,** यदि दिन के किसी भी समय वहाँ एक भी व्यक्ति खुले में शौच करते हुए न पाया जाए।
  - **इसका उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करके भारत को खुले में शौच मुक्त (ODF)** का निर्माण तथा स्कूल और आँगनवाड़ी के शौचालयों में अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करना था।
- **उपलब्धियाँ:**
  - मिशन के तहत **10 करोड़ शौचालय** बनाए गए और 2 अक्तूबर 2019 को लगभग **6 लाख गाँवों को** **ODF+** घोषित किया गया।
  - **वर्ष 2021 में पाँच वर्ष** पूर्ण होने पर, सरकार ने **SBM 2.0** लॉन्च किया, जिसमें अपशिष्ट मुक्त शहर बनाने, मल या कीचड़ का प्रबंधन करने, प्लास्टिक अपशिष्ट की समस्या का समाधान करने और ग्रेवाटर प्रबंधन में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
  - शहरी भारत ODF बन चुका है, सभी 4,715 **शहरी स्थानीय निकाय (ULB)** पूर्ण रूप से ODF हो चुके हैं।

और पढ़ें: **स्वच्छ भारत मिशन की यथार्थता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-years-of-swachh-bharat-mission